AJ-1374

B.A. Private (Part–I) Term End Examination, 2021-22

HINDI LITERATURE (Paper-I)

Time : 3 hours] **[Maximum Marks : 75**

नोट– सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक उनके समक्ष अंकित हैं ।

इकाई-I

1. निम्नलिखित पंक्तियों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **8×3=24**

(अ) जाका गुर भी अंधला, चेला खरा निरंध।
अंधे-अंधा ठेलिया, दून्यूँ कूप पड़ंत।।
समन्दर लागि आगि, नदियाँ जलि कोइला भई
देखि कबीरा जागि, मंद्दी रूषाँ चढ़ि गई।

अथवा

कातिक सरद-चंद उजियारी। जग सीतल, हौ विर है जारी।।
चौदह करा चाँद परगासा। जनहु जरै सब धरति अंकासा।।
तन मन सेज करै अगिदाहू । सब कहँ चंद भएउ मोहिराहू ।।

(ब) उद्धव ! बेगि ही ब्रज जाहु।
सुरति संदेश सुनाय मेटी बल्लमिन को दाहू।।
काम पावक तूलमय तन बिरह स्वास समीर।
मसम नाहिंन होन पाबत लोचनन के नीर।।
अजौं लौं यदि भांति ह्वै है कछुक सजग सरीर।
इते पर बिनु समाधाने क्यों धरैं तिय धीर।।
कहौं कहा बनाय तुमसौं सखा साधु प्रबीन।
सूर सुमति विचारिए क्यों जियैं जल बिनु मीन।।

अथवा

श्री गुरुचरन सरोज रज, निज मनु मुकुरु सुधारि।
बरनऊं रघुवर विमल जसु जो दायक फल चारि।।
जब ते राम ब्याहि घर आए। तिन नव मंगल मोद बधाए।।
भुवन चारिदस भूधर मारी। सुकृत मेघ बरसहिं सुख बारी।।

(स) भोर ते साँझ लौ कानन-ओर निहारति बावरी नेकु न हारति।
साँझ ते मोर लौ तारनि ताकि वो तारनिसों इकतार न हारति।
जौ कहूँ भावतो डीठि परै धनआनंद आँसुनि औसर गारति।
मोहन-सोहन जोहन की लगियैं रहै आँखिन के उर आरति ।

अथवा

हीन मए जल मीन अधीन कहा कछु मो अकुलानि समानै।
नीर सनेही का लाय कलंक निरास हैं कायर त्यागत प्रानै।
प्रीति की रीति सु क्यों समझै जड़, मीत के पानि परें को प्रमाने।
या मन की जु दसा घन आनंद जीव की जीवनिजान ही जानैं।।

[P.T.O.]

इकाई-II

2. कबीर के काव्यकला की विशेषताएँ बताइए। **8**

अथवा

जायसी के बारहमासा वर्णन को सोदाहरण समझाइए।

इकाई-III

3. सूर के वियोग वर्णन पर प्रकाश डालिए। **8**

अथवा

''तुलसी युग प्रवर्तक कवि और दृष्टा थे।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

इकाई-IV

4. ''घनानंद के काव्य में बिरह अनुभूति की प्रधानता है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए। **8**

अथवा

''घनानंद प्रेम के पपीहे थे।'' स्पष्ट कीजिए।

इकाई-V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : **12**

(अ) विद्यापति का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ब) रहीम का जीवन परिचय लिखिए।

(स) रसखान के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(द) रहीम के काव्य संग्रहों के नाम बताइए।

इकाई-VI

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं पन्द्रह** प्रश्नों (वस्तुनिष्ठ) प्रश्नों का उत्तर दीजिए : **15**

(1) कबीर के गुरु कौन थे?

(2) ज्ञानमार्गी शाखा के प्रमुख कवि कौन हैं?

(3) जायसी द्वारा लिखित महाकाव्य का नाम क्या है?

(4) रसखान की दो रचनाएँ लिखिए।

(5) कृष्ण भक्ति मार्ग के प्रवर्तक कौन थे?

(6) रामचरितमानस किस प्रकार का काव्य है?

(7) भक्तिकाल को और किस नाम से जाना जाता है?

(8) निर्गुण शाखा के एक कवि का नाम लिखिए।

(9) तुलसीदास की भाषा है।

(10) रसखान किस काल के कवि हैं?

(11) घनानंद की मृत्यु कब हुई?

(12) पद्मावत किस भाषा में रची गई है?

(13) कबीर की भाषा क्या है?

(14) सूरसागर किसकी रचना है?

(15) रीतिकाल को और किस नाम से जाना जाता है?

(16) आपके पाठ्य पुस्तक का नाम लिखिए।

(17) रमैनी किसकी रचना है?